वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय

कृषि-मौसम प्रक्षेत्र इकाई, वानिकी महाविद्यालय

रानीचौरी - 249199 टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)

फोन नंबर: 01376 - 252 150

कृषि-मौसम परामर्श सेवा बुलेटिन, जनपद - टिहरी गढ़वाल

√ उपमहानिदेशक (कृषि मौसम विज्ञान), भारत मौसम विज्ञान विभाग, पुणे
√ निदेशक, मौसम केंद्र, देहरादून
√ कृषि एकांश, आकाशवाणी, नजीबाबाद
√ हंवलवाणी सामुदायिक रेडियो, चम्बा, टिहरी गढ़वाल

वर्ष: 23 अंक: 10 बुलेटिन अवधि:- 06 से 10 फरवरी, 2019 दिन:- मंगलवार दिनांक :- 05 फरवरी, 2019

भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान आधारित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना के अंतर्गत मौसम केंद्र, देहरादून से प्राप्त मौसम पूर्वानुमानित आँकड़ों के आधार पर उत्तराखंड के टिहरी जनपद में आगामी पांच दिनों निम्न मौसम रहने की सम्भावना व्यक्त की जाती है:-

मौसम प्राचल	मौसम पूर्वानुमान अवधि				
	06-02-2019 (05 फरवरी सुबह 08:30 बजे से 06 फरवरी सुबह 08:30 बजे तक)	**07-02-2019** (06 फरवरी सुबह 08:30 बजे से 07 फरवरी सुबह 08:30 बजे तक)	**08-02-2019** (07 फरवरी सुबह 08:30 बजे से 08 फरवरी सुबह 08:30 बजे तक)	**09-02-2019** (08 फरवरी सुबह 08:30 बजे से 09 फरवरी सुबह 08:30 बजे तक)	**10-02-2019** (09 फरवरी सुबह 08:30 बजे से 10 फरवरी सुबह 08:30 बजे तक)
वर्षा (मि.मी.)	**02 मिमी. (बहुत हल्की)**	**20 मिमी. (मध्यम)**	**70 मिमी. (मध्यम से अपेक्षाकृत भारी)**	**08 मिमी. (हल्की)**	**0.0**
आसमान में बादल आच्छादन (ओक्टा: 0 से 8) 0 ओक्टा (पूरी तरह से साफ आसमान) 8 ओक्टा (पूरी तरह बादलों से घिरा आसमान)	कुछ भाग में (4 ओक्टा)	मुख्यतः बादल (7 ओक्टा)	घने बादल (8 ओक्टा)	मुख्यतः बादल (5 ओक्टा)	साफ आसमान (0 ओक्टा)
अधिकतम तापमान (डिग्री सेल्सियस)	16	13	10	10	13
न्यूनतम तापमान (डिग्री सेल्सियस)	7	5	4	2	1
अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता (%)	85	95	95	95	85
न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता (%)	45	55	55	55	45
वायु की औसत गति (कि.मी./घंटा)	6	6	10	8	6
वायु की दिशा	उत्तर-पश्चिम	दक्षिण-पूर्व	दक्षिण-पूर्व	दक्षिण-पूर्व	दक्षिण-पूर्व
6 फरवरी को बारिश के साथ ओले पड़ने, 7-8 फरवरी को ऊंचाई क्षेत्रों में मध्यम से अपेक्षाकृत भारी बारिश/बर्फवारी का मौसम पूर्वानुमान है|					

कृषि मौसम विज्ञान वेधशाला, रानीचौरी, टिहरी गढ़वाल (समुद्रतल से ऊँचाई-1827 मीटर) के प्रेक्षण अनुसार विगत सप्ताह (30 जनवरी से 05 फरवरी 2019 सुबह 08:30 तक); मुख्यतः साफ से घने बादल छाए रहने के साथ 4.7 मिमी. वर्षा हुई|दिन का अधिकतम तापमान 7.1 से 16.1 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान -0.5 से 3.5 डिग्री सेल्सियस रहा|इस दौरान पूर्वाहन 07:16 बजे सापेक्षित आर्द्रता 53 से 99 प्रतिशत तथा अपराह्न 14:16 बजे को 44 से 100 प्रतिशत के मध्य रही| हवा की औसत गति 4.5 से 5.7 किमी० प्रति घंटा रही| सप्ताह के दौरान हवा मुख्यतः दक्षिण-पूर्व व उत्तर-पूर्व दिशा से चली|

स्वचालित मौसम केंद्र, घनसाली से प्राप्त मौसम आँकड़ों के अनुसार क्षेत्र में 30 जनवरी से 05 फरवरी 2019 (सुबह 08:30) तक 7.0 मिमी० वर्षा दर्ज की गई

किसानों हेतु मौसम आधारित कृषि सलाह

फसल	अवस्था	कृषि मौसम सलाह समिति द्वारा किसानों हेतु कृषि सलाह
गेहूं, जौ, प्याज, लहसुन	वानस्पतिक बढ़वार	आगामी कुछ दिनों मध्यम/अपेक्षाकृत भारी बारिश के पूर्वानुमान को ध्यान रखते हुए किसानो को सलाह है कि खेत से वर्षा जल निकास की उचित व्यवस्था रखें| उर्वरको/रसायनों का प्रयोग अभी न करें|
आलू (घाटी क्षेत्र)	कन्द बनने की प्रक्रिया	
सरसों (घाटी क्षेत्र)	वानस्पतिक बढ़वार/फूल	माहू कीट का प्रकोप हो तो *लेडीबर्ड बीटल* (कीट) द्वारा जैविक नियंत्रण करें| वयस्क *लेडीबर्ड बीटल* औसतन 10 से 15 वयस्क माहू कीट/दिन खा सकती है।
आलू (ऊंचाई क्षेत्र)	-	मौसम को ध्यान रखते हुए आलू बुवाई कार्य अभी न करें|
टमाटर, शिमला मिर्च, बैंगन, आदि (घाटी क्षेत्र)	-	पौध पॉलीघरों में तैयार करें तथा कद्दूवर्गीय सब्जियों की अगेती फसल की पौध तैयार करने के लिए बीजों को प्रो ट्रे या छोटी पालीथीन के थेलों में भर कर पॉलीघरों में जमाव के लिए रखें।
सेब, नाशपाती, अखरोट, खुबानी आदि (शीतोष्ण फल)	नए कोंपले निकलना (Sprouting)	वर्षाजल भण्डारण की उचित व्यवस्था रखें| ओला रक्षक जाली से फल देने वाले वृक्षों को ढककर रखें| नवोदित ग्राफ्टेड पौधों को लकड़ी का सहारा दें| कलम (Grafting) लगाने का कार्य बारिश के दौरान न करें|
मशरूम उत्पादन	-	मशरूम उत्पादित कमरे का तापमान 14^0**C** से नीचे आने पर हीटर जलाकर कमरे का तापमान बनाये रखें| कमरों में दिनभर 2-3 बार शुद्ध हवा आने दें| कमरे में ≈75% आर्द्रता रखें|
पशुपालन	-	आगामी कुछ दिनों तापमान में कमी होने के मौसम पूर्वानुमान को ध्यान रखते हुए सलाह है कि पशुशाला के अंदर बल्ब जलाकर रखें| कमरों में दिनभर शुद्ध हवा आने का प्रबंध रखें| रात्री में खिड़की-दरवाजों को तिरपाल से अच्छी तरह बंद करके रखें| पशुओं के शरीर को गर्म रखने के लिए गुड व अजवाइन का सेवन करवाएं| हरे चारे की अपेक्षा सूखा चारा व खनिज मिश्रण खिलाएं|
मुर्गी पालन	-	मुर्गी बाड़े के अंदर बल्ब जलाकर रखें, पीने के लिए गुनगुना पानी दें व बिछावन को एक दिन में 2-3 बार पलटाई करें| मौसम परिवर्तन को देखते हुए सलाह है कि पशुचिकित्सक से परामर्श लेकर एंटी-बायोटिक औषधि दें|

नोडल अधिकारी
कृषि मौसम प्रक्षेत्र इकाई, रानीचौरी

तकनीकी अधिकारी
कृषि मौसम प्रक्षेत्र इकाई, रानीचौरी

<u>महत्वपूर्ण जानकारी</u>: जनपदस्तरीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान एवं कृषि मौसम सेवा बुलेटिन सप्ताह में मगलवार और शुक्रवार को जारी की जाती है|
मौसम पूर्वानुमान व कृषि मौसम सेवा बुलेटिन को ईमेल, SMS, व्हट्सएप्प आदि पर निःशुल्क प्राप्त करने हेतु पंजीकरण/संपर्क करें-
प्रकाश सिंह नेगी, तकनीकी अधिकारी, ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, मोबाइल/व्हट्सएप्प नंबर: 9410944889
SMS हेतु मौसम विभाग की वेबसाईट पर ऑनलाइन पंजीकरण: http://imdagrimet.gov.in/farmer/Form.php